Literacy for a Billion

Movie: Ajnabee (OLD)
Year: 1974

Song: Ek Ajnabee Hasina Se
Lyricist: Anand Bakshi

हूँ... हसीना से
यूँ मुलाक़ात हो गयी
एक अजनबी हसीना से
यूँ मुलाक़ात हो गयी
फिर क्या हुआ ये ना पूछो
कुछ ऐसी बात हो गयी
एक अजनबी हसीना से
यूँ मुलाक़ात हो गयी

वो अचानक आ गयी
यूँ नज़र के सामने
जैसे निकल आया घटा से चाँद
वो अचानक आ गयी
यूँ नज़र के सामने
जैसे निकल आया घटा से चाँद
चेहरे पे ज़ुल्फ़ें बिखरी हुई थीं
दिन में रात हो गयी
एक अजनबी हसीना से
यूँ मुलाक़ात हो गयी

जानेमन जाने जिगर
होता मैं शायर अगर
कहता ग़ज़ल तेरी अदाओं पर
जानेमन जाने जिगर
होता मैं शायर अगर
कहता ग़ज़ल तेरी अदाओं पर
मैंने ये कहा तो
मुझसे ख़फ़ा वो
जाने हयात हो गयी
एक अजनबी हसीना से
यूँ मुलाक़ात हो गयी

ख़ूबसूरत बात ये
चार पल का साथ ये
सारी उमर मुझको रहेगा याद
ख़ूबसूरत बात ये
चार पल का साथ ये
सारी उमर मुझको रहेगा याद
मैं अकेला था मगर
बन गयी वो हमसफ़र
वो मेरे साथ हो गयी
एक अजनबी हसीना से
यूँ मुलाक़ात हो गयी

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.